E:\Office\Nirmad Vibhag\Nirmad Vibhag\Nirmad Vibhag\Etender n\Nivida (2).docx

# कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक–819/न0पा0प0छि0/ई–टेण्डर/G.I.S./2018–19 दिनॉक– 03.11.2018

## (अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना)

अवगत कराना है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में नये प्रकार से कर निर्धारण करने हेतु G.I.S. सर्वे की आवश्यकता है। पालिका की पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों द्वारा नीचे दिये गये विवरण के अनुसार **www.etender.up.nic.in** द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड पर प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | **Tender Release** | 06.11.2018, 10:00 AM से | |
| 2 | **Tender Download** | 06.11.2018, 10:00 AM से | 15.11.2018, 2:00 PM तक |
| 3 | **Bid Submission** | 06.11.2018, 10:00 AM से | 15.11.2018, 2:00 PM तक |
| 4 | **Close for Bid** | – | 15.11.2018, 2:00 PM तक |
| 5 | **Technical Bid Opening** | 15.11.2018, 2:30 PM से | – |
| 6 | **Finicial Bid Opening** | **After Approval of Technical Bid** | |

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | 2 प्रतिषत धरोहर धनराशि | आपूर्ति/ कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के सीमा क्षेत्र का G.I.S. सर्वे कराना | 10,000.00 | 33000.00 | तीन माह |

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद छिबरामऊ
जनपद–कन्नौज।

(राजीव दुबे)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद छिबरामऊ
जनपद–कन्नौज।

**पत्रांक व दिनांक समांक–**

**प्रतिलिपिः–**

1. अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय कन्नौज की सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।
2. सम्पादक दैनिक समृद्धि न्यूज एवं राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र की सेवा में इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निविदा का प्रकाशन आगामी अंक में डी0ए0वी0पी0 दरों पर प्रकाशित कराकर विल सहित समाचार पत्र की प्रति उपलब्ध करायें।
3. प्रभारी एन0आई0सी0 कन्नौज की सेवा में इस अनुरोध के साथ कि जनपद की वेवसाईट पर पर निविदा सूचना डालने का कष्ट करें।
4. कार्यालय के कम्प्यूटर ऑपरेटर को इस निर्देश के साथ कि ई–निविदा को वेवसाइट पर अपलोड करें। कार्यालय के नोटिस वोर्ड पर चस्पा।

3/11/2018

(सुरेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद छिबरामऊ
जनपद–कन्नौज।

3-11-18

3/11/018

E:\Office\Nirmad Vibhag\Nirmad Vibhag\Nirmad Vibhag\Etender n\Nivida (2).docx

# नियम व शर्ते

1. G.I.S. सर्वे का कार्य नगर पालिका के निर्देशानुसार किया जायेगा जो समय–समय पर जारी किये जायेंगे।
2. फर्म को G.I.S. सर्वे के दौरान प्रत्येक वार्ड का प्रथक–प्रथक पंजी तैयार करनी होगी। जिसमें प्रत्येक वार्ड की सम्पूर्ण जानकारी जैसे–मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, खेल मैदान, सरकारी कार्यालय/अर्द्ध सरकारी कार्यालय, अधिष्ठापित हेण्डपम्प, ट्यूबवेल, विद्युत पोल, ट्रान्सफार्मर व जल संयोजन आदि की गणना करनी होगी।
3. G.I.S. सर्वे की भौगोलिक सूचना प्रणाली कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है।
4. निविदादाता फर्म द्वारा निविदा धनराशि एफ0डी0आर0/डी0डी0/नकद या नगर पालिका के खाता संख्या 10732774252, I.F.S.C. Code- SBIN0001060 में जमा की जा सकती है।
5. (EMD) अर्नेस्ट मनी 02 प्रतिशत की धनराशि एफ0डी0आर0/डी0डी0 के रूप में स्वीकार की जायेगी जो अद्योहस्ताक्षरी नगर पालिका परिषद छिबरामऊ के नाम बन्धक होगी। जिसकी तकनीकी एवं वित्तीय, खोले जाने के उपरान्त फर्म को प्रस्तुत करनी होगी। यदि फर्म द्वारा मूल प्रपत्र प्रस्तुत नहीं किये जाते हैं तो उस फर्म के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुये काली सूची में डाला जायेगा।
6. फर्म को G.S.T एवं आयकर की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
7. नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
8. फर्म को निर्धारित दर रू0 100/– के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना होगा जो रूपया 10/– का नोटरी हलफनामा भी प्रेषित करना होगा।
9. फर्म द्वारा रुपया 100.00 के स्टाम्प पर नोटरी हलफनामा इस आशय का दिया जायेगा कि मेरी फर्म द्वारा प्रस्तुत अभिलेख सत्य व सही हैं। तथा मैने शर्तें भली भांति पढ़ ली हैं, जो स्वीकार हैं।
10. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को सुरक्षित होगा।
11. निर्धारित तिथि को यदि अवकाश पड़ता है तो निविदायें आगामी कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
12. फर्म द्वारा G.I.S. सर्वे के दौरान डोर–टू–डोर कर्मचारी को भेजना होगा जो फर्म द्वारा निर्धारित प्रारूप पर सूचना भरेगा जिसमें दुकान/प्लाट/मकान के लागत का आंकलन करके प्रेषित करना होगा।
13. कार्य पूर्ण रूप से सम्पादित के उपरान्त फर्म को कार्य की साफ्ट एवं हार्ड प्रति सॉफ्टवेयर सहित प्रस्तुत करनी होगी।
14. पालिका द्वारा G.I.S. सर्वे के आधार पर आपत्ति/सुझाव लिये जायेंगे जिसमें सम्बन्धित फर्म को निस्तारण के उपरान्त संशोधित साफ्ट व हार्ड कापी प्रेषित करनी होगी।
15. फर्म द्वारा बनाये गये सॉफ्टवेयर का पूर्ण अधिकारिक नगर पालिका को देना होगा।
16. फर्म संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

3/11/18   HC   3/11/2018

अवर अभियन्ता
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ (कन्नौज)

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ (कन्नौज)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
छिबरामऊ (कन्नौज)

Signature Not Verified
Digitally signed by SURENDRA
Date: 2018.11.05 18:12:46 IST
Location: Uttar Pradesh